p>

Title: Request to organize 'Panchzganya Havan' to reduce the impact of corona virus.

श्री वीरेन्द्र सिंह: अध्यक्ष महोदय, यह अलग से महत्वपूर्ण इसलिए है कि आज दुनिया कोरोना वायरस के दहशत से भयभीत है। इस तरह की कई संक्रामक बीमारियों का हमारा देश भारत और दुनिया सामना कर चुके हैं, चेचक, हैजा, प्लेग और टीबी। हम किसान हैं और अपने जीवन को प्राकृति से जोड़ कर रखते हैं। हमारे जीवन का संबंध आध्यात्मिक क्षेत्र से है। मैं अपने अनुभव के आधार पर निवेदन करना चाहता हूं कि पंचगव्य के हवन करने से जो धुआं निकलता है, वह वातावरण के सारे विषैले कीटाणुओं को नष्ट कर देता है। यह वैज्ञानिक तरीके से भी सिद्ध हो चुका है। यह अंधविश्वास नहीं है। सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में आपके माध्यम से यह संदेश जाना चाहिए कि देश का यह संसद भी हवन करे और सारे माननीय सांसद भी अपने क्षेत्र में हवन कराएं। कोई कोरोना वायरस किसी को प्रभावित नहीं कर सकता है। मैं इस बात को अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।